कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# जागृति

वर्ष:67 अंक-05 मुम्बई अप्रैल 2023






## आयोग के अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर में 1200 मधुमक्खी बक्से, मधुमक्खी कॉलोनियां वितरित कीं

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

खादी और ग्रामोद्योग आयोग

# जागृति

कामये दुःखतप्तानाम्। प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

वर्ष:६७ अंक-05 मुम्बई अप्रैल 2023

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

## सम्पादकीय मण्डल

अध्यक्ष
श्री विनीत कुमार

संपादक
एम. राजन बाबू

सह संपादक
संजीव पोसवाल

उप संपादक
सुबोध कुमार

डिजाईन व पृष्ठसज्जा

कलाकार
दिलीप पालकर

उप संपादक
सुबोध कुमार

प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: kvicpub@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हों

Khadi India

## इस अंक में.....

**समाचार सार ....... 03-20**

केवीआईसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा ....... 3
हरियाणा के भिवानी में 298.44 करोड़ रुपये के पीएमईजीपी ऋण स्वीकृत ....... 5
आयोग के अध्यक्ष द्वारा वाराणसी में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन....... 7
आयोग के अध्यक्ष द्वारा हरियाणा के कैथल में मार्जिन मनी अनुदान ....... 10
कोटा में एमएसएमई औद्योगिक मेले में खादी ग्रामोद्योग उत्सव ....... 11
आयोग के अध्यक्ष द्वारा तिरुपुर, तमिलनाडु में राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग ....... 12
केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ में 400 बी बॉक्स का संवितरण ....... १३
साबरमती रिवरफ्रंट में आंचलिक स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन....... 14
आयोग के अध्यक्ष द्वारा जम्मू-कश्मीर में 1200 मधुमक्खी बक्से....... 14
मधुमक्खी बक्सों, मधुमक्खी कालोनियाँ और ग्रामोद्योग विकास योजना ....... 15
लखनऊ में राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन....... 15
चूरू में खादी संवाद....... 15
तिरुपुर में 1432 लाभार्थियों को 154.08 करोड़ रुपये के बैंक स्वीकृत ....... 16
कराईकुडी में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण....... 16
पटना में 'मिथिला पेंटिंग कार्यशाला' का आयोजन....... 17
पटना में काव्य गोष्ठी (कवि सम्मेलन)....... 17
रक्तदान शिविर' का आयोजन....... 17
रायपुर में 10 दिवसीय कुम्हारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन....... 18
हनी मिशन के तहत मधुमक्खी पालन पर जागरूकता शिविर....... 18
पटना में 'क्रेता-विक्रेता बैठक'....... 18
ग्रामोद्योग योजनाओं पर जागरूकता शिविर....... 19
कन्नूर में राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालकों की बैठक आयोजित....... 19
बस्तर में ग्रामोद्योग पर जागरूकता शिविर....... 19
जयपुर में बैंकर्स समीक्षा बैठक का आयोजन....... 19
मुजफ्फरपुर में ग्राम विकास योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता ....... 20
रायपुर में मधुमक्खी पालकों की बैठक....... 20
300 बी-बॉक्स व बी-कालोनियों और अन्य उपकरणों के वितरण....... 20

# केवीआईसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया,
# केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा महिलाओं द्वारा स्थापित 75 पीएमईजीपी इकाइयों का उद्घाटन



**लैंगिक समानता के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की डिजिटल नवाचार और प्रौद्योगिकी की थीम को ध्यान में रखते हुए, केवीआईसी ने पूरे देश में महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त 75 इकाइयों का उद्घाटन किया।**



इन इकाइयों का उदघाटन खादी और ग्रामोद्योग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने केंद्रीय कार्यालय मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 कार्यक्रम में किया तथा उन्होने इस वर्ष के दौरान केवीआईसी की सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर 12वीं और 10वीं शैक्षणिक वर्ष में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत करने के साथ ही स्वास्थ्य सलाहकार द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य




के प्रति जागरूकता तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। खादी के काम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं, जो केवीआईसी की सबसे बड़ी ताकत है।






केवीआईसी के अध्यक्ष ने कहा, "महिलाएं न केवल पुरुषों के बराबर हैं बल्कि उससे कहीं अधिक हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अधिकारों के अंतराल पर जागरूकता बढ़ाने का एक मौका है, यह महिलाओं की प्रगति और व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाने का भी समय है, जो दूसरों के अनुसरण के लिए एक मिसाल कायम करती हैं। उन्होंने केवीआईसी की महिला कर्मचारियों द्वारा संरक्षित समर्पण और कार्य संस्कृति की भी सराहना की।

इस अवसर पर केवीआईसी की मुख्य सतर्कता अधिकारी सुश्री संघमित्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा के भिवानी में 298.44 करोड़ रुपये के पीएमईजीपी ऋण स्वीकृत किए गए और 100.16 करोड़ रुपये की पीएमईजीपी मार्जिन मनी अनुदान धनराशि वितरित की गई

**दिल्ली, 14 मार्च, 2023: खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत 2989 लाभार्थियों के लिए 100.16 करोड़ रुपये का मार्जिन मनी अनुदान जारी किया।**



इन लाभार्थियों को हरियाणा के भिवानी स्थित झुंपा में पीएमईजीपी के तहत उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों द्वारा 298.44 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन लाभार्थियों की ओर से स्थापित इन इकाइयों के माध्यम से लगभग 24,000 लोगों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होगा। इसके अलावा हरियाणा के पीएमईजीपी लाभार्थियों को 13.67 करोड़ रुपये की स्वीकृत ऋण के बदले 4.44 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी अनुदान धनराशि भी वितरित की गई।

इस अवसर पर श्री मनोज कुमार ने कहा कि 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)' प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केवीआईसी अपनी योजनाओं और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में कारीगरों के लिए उनके घर में ही बहुत कम लागत पर रोजगार के अवसर उत्पन्न कर रहा है।

इस अवसर पर चर्म कारीगरों के लिए अधिकारिता कार्यक्रम के तहत हरियाणा के 50 लाभार्थियों और राजस्थान के चोमू क्षेत्र व मौजमाबाद के 50-50 लाभार्थियों को फुटवियर निर्माण के लिए उन्नत टूल-किट ऑनलाइन माध्यम के जरिए वितरित की गईं। वहीं, केवीआईसी की 'शहद मिशन' योजना के तहत हरियाणा के 40 प्रशिक्षित लाभार्थियों को मधुमक्खी पालन के लिए 400 मधुमक्खी-बक्से भी ऑनलाइन वितरित किए गए।



इसके अलावा हस्तनिर्मित कागज निर्माण योजना के तहत पंजाब के 20 लाभार्थियों को कागज रूपांतरण मशीनें वितरित की गईं। वहीं, अगरबत्ती निर्माण योजना के तहत राजस्थान स्थित शिवदासपुरा के 40 लाभार्थियों को पैडल परिचालित अगरबत्ती मशीन को ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किया गया।

श्री मनोज कुमार ने कहा कि इन योजनाओं के

माध्यम से अधिक से अधिक कारीगरों को टूल किट उपलब्ध कराकर उनके कौशल उन्नयन और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे हम एक समृद्ध, मजबूत, आत्मनिर्भर और खुशहाल राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकें।




इसके अलावा उन्होंने कहा कि वे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनते हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप उन्हें नौकरी तलाशने वाले की जगह नौकरी देने में सक्षम होना चाहिए।

पीएमईजीपी योजना के तहत सरकार ने परियोजना की अधिकतम लागत 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी है और सेवा क्षेत्र में इसे 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है।

इन पीएमईजीपी इकाइयों को स्थापित करने के लिए सरकार शहरी क्षेत्रों में लाभार्थियों को अनुदान के रूप में पूरी परियोजना लागत का 15 फीसदी से 25 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 फीसदी से 35 फीसदी हिस्सा प्रदान करती है। इसके साथ ही ऋण स्वीकृत होने के बाद लाभार्थियों को उनके चुने हुए उद्यम की स्थापना के संबंध में नि:शुल्क उद्यमिता प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

इसके अलावा श्री मनोज कुमार ने हरियाणा में संचालित खादी और ग्रामोद्योग कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित "खादी जागरण" कार्यक्रम के माध्यम से कारीगरों, खादी संस्थानों के प्रतिनिधियों व खादी और ग्रामोद्योग के उद्यमियों से बातचीत भी की।

◆◆◆◆



# आयोग के अध्यक्ष द्वारा वाराणसी में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन



- **केवीआईसी अध्यक्ष ने 77.45 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की, पीएमईजीपी के तहत 227.21 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत**
- **180 कारीगरों को इलेक्ट्रिक कुम्हार चाक वितरित किये।**
- **लगभग 17,720 नये रोजगार का सृजन अवसर।**



खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने 17 मार्च 2023 को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोग के मंडलीय कार्यालय परिसर में आयोजित 10 दिवसीय राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की खादी संस्थाओं, पीएमईजीपी/आरईजीपी इकाइयों ने अपने खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया।




प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, केवीआईसी के अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मध्य और पूर्वी क्षेत्र के 2215 लाभार्थियों को 227.21 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पर 77.45 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी अनुदान राशि वितरित की।

इससे पहले, माननीय अध्यक्ष ने खादी ग्रामोद्योग

विकास समिति, मरुई, सिंधौरा में 180 विद्युत चालित कुम्हारी चाक का वितरण किया और चर्म शिल्प योजना के अंतर्गत केंद्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान, आगरा से प्रशिक्षित 10 प्रशिक्षुओं को 5 लाख रु. रुपये की लागत वाली एक इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने 75 चर्म कारीगरों को उन्नत जूते मरम्मत टूलकिट भी वितरित किए।



अपने उद्घाटन भाषण में अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 1 अप्रैल, 2023 से कपास बुनकरों की मजदूरी में 33 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे पहले सूत कातने वालों को 7.50 रुपये प्रति हांक दिया जाता था, इसे बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है। 2014 के बाद से सूती बुनकरों की मजदूरी में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




विभिन्न आजीविका संसाधनों और रोजगार सृजन के लिए कई योजनाओं के तहत अनुदान राशि के वितरण के बाद केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा,






"महादेव की पवित्र भूमि जो माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि है, आज आत्मनिर्भर भारत का नया केंद्र है। उनके प्रयासों के कारण, काशी क्षेत्र में खादी उत्पादन और बिक्री ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और खादी स्थानीय से वैश्विक हो गई है।" उन्होंने कहा, उन्हें खुशी है कि आज वह वाराणसी के मध्य और उत्तर पूर्व क्षेत्र की पीएमईजीपी इकाइयों की स्थापना के लिए 2215 लाभार्थियों को 227.21 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पर 77.45 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का वितरण कर रहे हैं, जिससे लगभग 17,720 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग, एमएसएमई मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आज देश के हर राज्य, जिले, कस्बे और गांव तक पहुंचकर युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसमें अग्रणी भूमिका निभाते हुए हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

श्री मनोज कुमार ने कहा कि "हमारा प्रयास है कि देश में अधिक से अधिक लघु और मध्यम स्तर की इकाइयां स्थापित हों और केवीआईसी योजनाओं का लाभ देश के पहाड़ी, सीमावर्ती और दूरदराज के क्षेत्रों के सभी निवासियों तक पहुंचे।" उन्होंने बेरोजगार युवाओं को अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करके माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'नौकरी मांगने वाले के बजाय - नौकरी देने वाले बनें' के विज़न को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने इलेक्ट्रिक कुम्हार चाक वितरण कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए कहा कि बिजली चालित चाक इन सभी कारीगरों के श्रम और समय दोनों को कम करेगा, जिससे वे अधिक से अधिक उन्नत गुणवत्ता और आकर्षक उत्पाद बना सकेंगे और अपनी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में सुधार कर सकेंगे । केवीआईसी के अध्यक्ष ने चर्म के शिल्प कारीगरों को उन्नत फुटवियर रिपेयरिंग टूलकिट के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण परिणामों के लिए सकारात्मक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने का भी सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान, स्थानीय लोगों की भारी उपस्थिति के साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।







◆◆◆◆

# आयोग के अध्यक्ष द्वारा हरियाणा के कैथल में मार्जिन मनी अनुदान और मधुमक्खी बक्सों का वितरण




**31 मार्च 2023 को दिल्ली: खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत 9966 लाभार्थियों को 245.61 करोड़ रुपये का मार्जिन मनी अनुदान जारी किया।**

इन लाभार्थियों को योजना के तहत उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों द्वारा 739.65 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन इकाइयों के माध्यम से अनुमानित 79,728 लोगों को अतिरिक्त रोजगार मिलेगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष ने कैथल, हरियाणा में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत 803 लाभार्थियों के पक्ष में 26.45 करोड़ रुपये का मार्जिन मनी अनुदान भी जारी किया। पीएमईजीपी के अंतर्गत इन लाभार्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बैंकों द्वारा 86.57 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इन लाभार्थियों द्वारा स्थापित इकाइयों के माध्यम से लगभग 6,424 लोगों को अतिरिक्त रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।



इस अवसर पर श्री मनोज कुमार ने हनी मिशन के अंतर्गत 40 प्रशिक्षित मधुमक्खी पालकों के बीच 400 मधुमक्खी बक्सों का भी वितरण किया।

इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर

**शेष पृष्ठ 11 पर**

# कोटा में एमएसएमई औद्योगिक मेले में खादी ग्रामोद्योग उत्सव और प्रदर्शनी का उद्घाटन




माननीय केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री श्री नारायण राणे, माननीय अध्यक्ष, लोकसभा श्री ओम बिरला, और एमएसएमई, केवीआईसी के अन्य अधिकारियों ने दशहरा मैदान कोटा में 04 से 06 मार्च 2023 तक आयोजित एमएसएमई औद्योगिक मेले और प्रदर्शनी में खादी ग्रामोद्योग उत्सव में भाग लिया।

पृष्ठ 10 से आगे

## आयोग के अध्यक्ष द्वारा हरियाणा के कैथल में मार्जिन मनी..........



भारत के विज़न को साकार करने में पीएमईजीपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आह्वान की गई "स्वीट क्रांति" ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है क्योंकि अब ज्यादा किसान और उद्यमी शहद उत्पादन उद्योग में शामिल हो रहे हैं।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मधुमक्खी पालन से किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है और फसल की पैदावार में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हनी मिशन के अंतर्गत खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग किसानों और बेरोजगारों को शहद उत्पादन का प्रशिक्षण दे रहा है, साथ ही मधुमक्खी के बक्सों का भी वितरण कर रहा है। आयोग ने पूरे देश में 1 लाख 80 हजार से ज्यादा मधुमक्खी बक्सों और मधुमक्खी कॉलोनियों का वितरण किया है और 18 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया है। केवल हरियाणा में 440 लाभार्थियों को 4,400 मधुमक्खी बक्से वितरित किए गए हैं।

केवीआईसी अध्यक्ष ने दयोरा गांव में आयोजित हनी मिशन संवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों से बातचीत की और उनसे सुझाव प्राप्त किए।

उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थानों का भी दौरा किया और संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के अधिकारियों, केवीआईसी कर्मचारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

# आयोग के अध्यक्ष द्वारा तिरुपुर, तमिलनाडु में राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी एवं केन्द्रीय सामान्य सुविधा केन्द्र का उद्घाटन

केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने तिरुपुर, तमिलनाडु में राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कौशल और प्रशिक्षण के संदर्भ में कारीगर सार्मथ्य के विकास का अनुमान लगाने के लिए उनके स्टालों का दौरा किया।




प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए केवीआईसी के




अध्यक्ष ने कहा कि ये प्रदर्शनियां खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों, बुनकरों और स्पिनरों को बेहतर विकास का अवसर प्रदान करती हैं और साथ ही, भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वप्न को साकार कर रही हैं।.

11 मार्च, 2023 को: केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में केआरडीपी के तहत सामान्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इससे कारीगरों और शिल्पकारों को स्थानीय सुविधाएं मिल सकेंगी।



उन्होंने तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में




केआरडीपी के तहत खादी ग्रामोद्योग भवन का भी उद्घाटन किया। इस जिला कार्यालय के पुर्नउद्घाटन से कई स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों के समूह के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कारीगर समुदाय के साथ विचार-विमर्श सत्र बहुत उत्साहवर्धक था क्योंकि इससे मुझे उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में मदद मिली।



# केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ में 400 बी बॉक्स का संवितरण



खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 13 मार्च, 2023 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार की "ग्राम विकास योजना" के हनी मिशन कार्यक्रम के तहत 40 महिला मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी पालन हेतु 400 बी बॉक्स और उपकरण वितरित किए। इसके अलावा राजनांदगांव के डोंगरगढ़ गांव में 75 चमड़ा कारीगरों को टूल किट और 3 स्व-सहायता समूहों की 30 महिला चमड़ा कारीगरों को फुटवेयर निर्माण संबंधी मशीनरी के 03 सेट भी वितरित किए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मनोज कुमार ने कहा कि देश में 'स्वीट रेवोलुशन ' के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद केवीआईसी ने रोजगार के नए अवसर सृजित करने और मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ाने तथा किसानों की फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से हनी मिशन के रूप में इस प्रयास को शुरू किया है।

उन्होंने आगे कहा कि हनी मिशन और चमड़ा कारीगर सशक्तिकरण कार्यक्रम जैसी रोजगारोन्मुखी योजनाओं के माध्यम से अधिकतम कारीगरों और मधुमक्खी पालकों को टूल किट और बी बॉक्स प्रदान करके उनके कौशल को उन्नत करने और उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि हम एक समृद्ध, मजबूत, आत्मनिर्भर और खुशहाल राष्ट्र का निर्माण कर सकें।

श्री मनोज कुमार ने अपने प्रेरणाप्रद भाषण में उन्हें माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परिकल्पना पर "जॉब सीकर " बनने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम होने के लिए कहा।

उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा लागू की गई भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए दोहराया कि बापू ने खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन का सपना देखा था और आज हमारे प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी इस मिशन पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।





# साबरमती रिवरफ्रंट में आंचलिक स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन

अहमदाबाद, 24 मार्च, 2023 : हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बुनकरों और कारीगरों समुदाय को समान मंच और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट में आंचलिक स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।




खादी इंडिया, राज्य और क्षेत्रीय स्तर की प्रदर्शनियों की मेजबानी करने की पहल कर रहा है, जो न केवल इन समुदायों को मंच प्रदान करता है, बल्कि अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए केवीआईसी द्वारा की गई सामाजिक और विपणन सेवाओं के माध्यम से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।

# आयोग के अध्यक्ष द्वारा जम्मू-कश्मीर में 1200 मधुमक्खी बक्से, मधुमक्खी कालोनियां का संवितरण






श्रीनगर, 21 मार्च 2023: हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत के लोगों और सभी हिस्सों को समान अवसर प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ, केवीआईसी के अध्यक्ष ने रेजीडेंसी रोड, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम, अमृतसर के खादी आउटलेट का उद्घाटन किया। केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने भारत में शहद उत्पादन और विकास को बढ़ावा देने के लिए शहद मिशन के तहत मधुमक्खी पालन के लिए पुलवामा के 70 प्रशिक्षित लाभार्थियों और रामबन जिले, बोनेरा, जम्मू-कश्मीर के 50 लाभार्थियों को 1200 मधुमक्खी बक्से, मधुमक्खी कॉलोनी और उपकरण भी वितरित किए।



# मधुमक्खी बक्सों, मधुमक्खी कालोनियाँ एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत टूल किट का वितरण




11 मार्च 2023, नीलगिरि: केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने नीलगिरि जिले के कोठागिरि तालुका के करिक्कयूर गांव में ग्रामीण परिवारों को 150 मधुमक्खी बक्से वितरित किए। मधुमक्खी बक्से का प्रसार हनी मिशन के तहत एक कार्यक्रम है जो खेती की प्रक्रिया को बढ़ाने और हमारे प्राकृतिक पर्यावरण को बचाने के लिए बनाया गया है।



# लखनऊ में राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन




17 मार्च, 2023: केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने लखनऊ में राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी में खादी ग्रामोद्योग उत्पादों की सरहाना की एवं केवीआईसी क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों का मनोबल और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए उनसे बातचीत की। इसके साथ ही, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझने के लिए सभी स्टॉलों पर प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया।



# चूरू में खादी संवाद

**14 मार्च, 2023: केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने राजस्थान के चुरू जिले के सालासर गांव में खादी संवाद में खादी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को स्थानीय कारीगर समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके मुद्दों को हल करने में सक्षम बनाया।**



# तिरुपुर में 1432 लाभार्थियों को 154.08 करोड़ रुपये के बैंक स्वीकृत पत्रों के साथ 51.42 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित




11 मार्च, 2023 को: केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने पीएमईजीपी योजना के तहत तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में दक्षिण क्षेत्र के 1432 लाभार्थियों को 154.08 करोड़ रुपये के बैंक स्वीकृत पत्रों के साथ 51.42 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी (सब्सिडी) वितरित की।





इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ने कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और अपने परिवारों का भरण-पोषण करने और बेहतर जीवन जीने में आत्मनिर्भर बनने के लिए मनोबल और समर्थन जुटाने में सक्षम बनाया है।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने खादी संवाद कार्यक्रम में खादी संस्थानों के प्रतिनिधियों और क्षेत्र के कारीगरों के साथ भी बातचीत की।

इस कार्यक्रम के दौरान आंचलिक कार्यालय, दक्षिण क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# कराईकुडी में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

केवीआईसी के मंडलीय कार्यालय, मदुरई तमिलनाडु ने दिनांक 04 मार्च 2023 को कराईकुडी सर्वोदय संघ, कराईकुडी में वर्ष 2022-23 के पायलट परियोजना हेतु ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत पेडल संचालित मशीन का उपयोग कर अगरबत्ती निर्माण हेतु 10 लाभार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

## आंचलिक पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग महोत्सव 2023' में

# पटना में 'मिथिला पेंटिंग कार्यशाला' का आयोजन



केवीआईसी, राज्य कार्यालय , पटना द्वारा 'लेटेरा पब्लिक स्कूल' के सहयोग से आंचलिक पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग महोत्सव 2023' में, दिनांक 4 मार्च 2023 को 'मिथिला पेंटिंग कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इसमें केवीआईसी के पीएमईजीपी उद्यमियों और राज्य पुरस्कार विजेताओं द्वारा छात्रों और अभिभावकों को बुनियादी पेंटिंग संबंधी जानकारी और कौशल को साझा किया गया। डॉ. ममता मेहरोत्रा, निदेशक, लेटरा पब्लिक स्कूल, पाटलिपुत्र, उपाध्यक्ष, आईएएस वाइफ्स एसोसिएशन, बिहार और एक प्रसिद्ध लेखिका, कवियित्री और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा छात्रों को पेंटिंग किट, शहद और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यशाला की संरचना बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और देश के अन्य राज्यों के कारीगरों और पीएमईजीपी उद्यमियों के लिए आयोजित प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों में मिथिला कला को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

# पटना में काव्य गोष्ठी (कवि सम्मेलन)



केवीआईसी, राज्य कार्यालय , पटना द्वारा दिनांक 4 मार्च 2023 को आंचलिक पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग महोत्सव 2023' में काव्य गोष्ठी (कवि सम्मेलन)' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ममता मेहरोत्रा, निदेशक, लेटरा पब्लिक स्कूल, पाटलिपुत्र, उपाध्यक्ष, आईएएस वाइफ्स एसोसिएशन, बिहार और एक प्रसिद्ध लेखिका, कवियित्री और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किया गया। केवीआईसी ने बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और देश के अन्य राज्यों के कारीगरों और पीएमईजीपी उद्यमियों के लिए आयोजित की जा रही प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों के बीच खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु सभी कवियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान शिविर' का आयोजन

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पीएमसीएच, पटना, बीएसएसीएस और केयर इंडिया के सहयोग से दिनांक 5 मार्च 2023 को केवीआईसी, राज्य कार्यालय , पटना द्वारा आंचलिक पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग महोत्सव 2023' में 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया । केवीआईसी ने बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और देश के अन्य राज्यों के कारीगरों और पीएमईजीपी उद्यमियों के लिए आयोजित प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों के बीच खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ रक्तदान के बारे में जागरूकता फैलाने के नेक काम के लिए सभी रक्तदाताओं और तैनात सहायक टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



# रायपुर में 10 दिवसीय कुम्हारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



रसायन आधारित उद्योग (एमबीआई) 2022-23 के तहत दिनांक 05-03-2023 को प्रथम बैच हेतु 10 दिवसीय पॉटरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम-कोलियारी, ब्लॉक-पारागांव, जिला-रायपुर में आयोजित किया गया। केवीआईसी के राज्य निदेशक श्री राजेश कुमार और सभी लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इससे पूर्व , केवीआईसी रायपुर के राज्य निदेशक राजेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और लाभार्थियों को कारीगरों की आय बढ़ाने हेत इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील के लाभ के बारे में बताया।

मास्टर ट्रेनर श्री भोजराम ने हितग्राहियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। श्री. एल.एम. राउत ने लाभार्थियों को खनिज आधारित उद्योग योजना और केवीआईसी की अन्य योजनाओं के बारे में बताया।





## हनी मिशन के तहत मधुमक्खी पालन पर जागरूकता शिविर

हनी मिशन 2022-23 के तहत दिनांक 12-03-2023 को राज्य कार्यालय, केवीआईसी, रायपुर द्वारा ग्राम - बोरतालाब, ब्लॉक- डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव में मधुमक्खी पालन संबंधी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया है। इसके अंतर्गत केवीआईसी के उद्देश्यों, मधुमक्खी पालन, हनी मिशन योजना, पीएमईजीपी योजना और केवीआईसी द्वारा कार्यान्वित विभिन्न अन्य योजनाओं (ग्रामीण विकास योजना) पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## पटना में 'क्रेता-विक्रेता बैठक'



बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और देश के अन्य राज्यों से भाग लेने वाले खादी संस्थाओं और पीएमईजीपी उद्यमियों के खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 6 मार्च 2023 को केवीआईसी, राज्य कार्यालय , पटना द्वारा 'आंचलिक पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग महोत्सव 2023' में 'क्रेता-विक्रेता बैठक' का आयोजन किया गया।

# ग्रामोद्योग योजनाओं पर जागरूकता शिविर

दिनांक 09 मार्च 2023 को नवभारत ट्रस्ट के माध्यम से गुरुवायुर हस्तशिल्प क्लस्टर में ग्रामोद्योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक महिला कारीगरों ने भाग लिया। बैठक में श्री सी.जी.अंडावर उप निदेशक/प्रभारी राज्य कार्यालय, त्रिवेंद्रम, केवीआईसी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।





# कन्नूर में राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालकों की बैठक आयोजित



हनी मिशन कार्यक्रम के तहत दिनांक 10-03-2023 को कन्नूर ग्रामीण विकास सोसाइटी के माध्यम से कन्नूर में राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालकों की बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन कन्नूर के मेयर श्री टी.ओ. मोहनन और अध्यक्षता श्री सी.जी.अंडावर उप निदेशक/प्रभारी राज्य कार्यालय, त्रिवेंद्रम,केवीआईसी ने की।

कार्यक्रम में एटीएमए के उप निदेशक, क्षेत्रीय प्रबंधक-हॉर्टीकॉर्प, एजीएम, केनरा बैंक, डीआईसी विस्तार अधिकारी और 100 से अधिक मधुमक्खी पालकों ने भाग लिया।

## बस्तर में ग्रामोद्योग पर जागरूकता शिविर

ग्रामोद्योग समन्वय 2022-23 के तहत आयोग के राज्य कार्यालय, रायपुर द्वारा दिनांक 17-03-2023 जागरूकता शिविर का आयोजन को ग्राम-कुलचा, ब्लॉक-जगदलपुर, जिला-बस्तर (सीजी) में किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया।





## जयपुर में बैंकर्स समीक्षा बैठक का आयोजन

पीएमईजीपी बैंकवार प्रगति की समीक्षा करने के लिए, केवीआईसी, जयपुर द्वारा होटल सरोवर प्रीमियर, जयपुर में एक बैंकर्स समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें एसएलबीसी, बैंक ऑफ बड़ौदा के संयोजक श्री आलोक सिंघल, केवीआईसी जयपुर के राज्य निदेशक डॉ. राहुल मिश्रा, डीआईसी अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अधिकारी एवं सभी प्रमुख बैंकरों ने भाग लिया।

## मुजफ्फरपुर में ग्राम विकास योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

केवीआईसी के राज्य कार्यालय,पटना द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2023 को मुजफ्फरपुर, बिहार में ग्राम विकास योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मौजूदा और संभावित उद्यमियों, बैंकरों और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।







## रायपुर में मधुमक्खी पालकों की बैठक

हनी मिशन योजना के तहत दिनांक 25-03-2023 को राज्य कार्यालय, केवीआईसी, रायपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), इंद्रा गांधी विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) में मधुमक्खी पालकों की बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में लगभग 100 मधुमक्खी पालकों, मास्टर प्रशिक्षकों और मधुमक्खी पालन में रुचि रखने वाले लोगों ने भाग लिया। श्री राजेश कुमार (निदेशक), श्री. चंद्रमणि साहू (वैज्ञानिक, केवीके), श्री निथिल बैस (सहायक निदेशक, केवीआईबी), श्री मोहन कुमार साहू (मास्टर ट्रेनर), अन्य मधुमक्खी पालक और मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन संबंधी विवरण, मधुमक्खी पालन के विभिन्न उत्पाद, मधुमक्खी पालन के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने संबंधी तरीकों पर चर्चा की गई।

## 300 बी-बॉक्स व बी-कालोनियों और अन्य उपकरणों के वितरण

ग्रामीण विकास योजना के तहत केरल के पेरिया, वायनाड जिले में श्री ओ.आर.केलु, माननीय विधायक, मननथावडी, श्री आर.एस.पांडेय, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (दक्षिण क्षेत्र) द्वारा श्री सी.जी.आंडवर, उप निदेशक/ प्रभारी, केरल, श्रीमती एल्सी जॉय, पंचायत अध्यक्ष और श्रीमती एनी बेसेंट, वार्ड मेंबर की उपस्थिति में 300 बी बॉक्स/लाइव कालोनियों और अन्य उपकरणों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में वायनाड जिले के 150 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लोगों ने भाग लिया।




G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India.
Khadi India
खादी के ज़रिए
बढ़ते रोज़गार का श्रेय
लक्ष्मी स्वरूपा माताओं
बहनो को दिया।
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056
Khadi India
Follow us on : /kvicindia
Shop online at: www.khadiindia.gov.in